प्रेस वार्ता

बिहार पुलिस मुख्यालय

दिनांक–03.07.2023

गत दिनों कुख्यात अपराधकर्मियों की गिरफ्तारी।		
क्र.सं.	**जिला / थाना**	**संक्षिप्त**
1.	**भागलपुर / मधुसुदनपुर थाना**	**जिले के टॉप–10 में शामिल वांछित कुख्यात अपराधकर्मी कपिल यादव गिरफ्तार।** इसके विरुद्ध जिले के विभिन्न थानों में **लूट, डकैती, हत्या एवं आर्म्स एक्ट जैसे गम्भीर धाराओं में 24 काण्ड अंकित हैं।**
2.	**भोजपुर / धनगाई थाना**	**चोरी गई नकद राशि 27 लाख 50 हजार रुपया के साथ एक अभियुक्त गिरफ्तार।** दिनांक–15.06.2023 को बिट्टू कुमार थाना धनगाई जिला भोजपुर गुजरात के एक कपड़ा व्यवसायी की दुकान से 36 लाख रुपये तथा 01 मोबाइल चोरी कर भाग गया था। गुजरात पुलिस की सूचना पर दिनांक–20.06.2023 को बिट्टू कुमार के घर पर छापामारी कर उसके पिता सत्येन्द्र नारायण चौधरी को चोरी की राशि के 07 लाख 94 हजार रुपयों के साथ गिरफ्तार कर गुजरात पुलिस को सौपा गया था तथा उसकी निशानदेही पर मृत्युंजय कुमार थाना धनगाई, जिला–भोजपुर के पास से चोरी के मोबाइल को भी बरामद किया गया था। इसी क्रम में पुनः दिनांक–30.06.2023 को **गुजरात पुलिस की सूचना पर** भोजपुर पुलिस द्वारा धनगाई थाना अंतर्गत छापामारी कर गुजरात के कपडा दुकान से चोरी गई **27 लाख 50 हजार रुपया नकद राशि एवं चोरी के मोबाइल के साथ अभियुक्त बिट्टू कुमार को गिरफ्तार किया गया** एवं गुजरात पुलिस को सुर्पुद किया गया।
3.	**शिवहर / पिपराही थाना**	**(दिनांक–30.06.2023) पिपराही बैंक डकैतो का उद्भेदन।** ➢ दि0 22.06.2023 को शिवहर जिले के पिपराही थाना अंतर्गत बैंक ऑफ बडौदा शाखा में हुई **डकैतो** की घटना का उद्भेदन करते हुए घटना में **संलिप्त 07 अपराधकर्मी** 1. मुनचुन पासवान, 02. धीरज कुमार, 03. रौशन कुमार, 04. राजा पटेल, 05. करण राम, 06. नन्हकू साह, 07.चितरंजन साह को लूट की **लगभग 02 लाख रुपये की राशि के साथ गिरफ्तार किया गया।** ➢ **01 पिस्टल, 03 देशी कट्टा, 15 कारतुस एवं 10 मोबाईल बरामद।**

4.	**अररिया/ जोकीहाट थाना**	**(दिनांक–01.07.23) रोड डकैती की घटना का सफल उद्भेदन।** ➢ दिनांक 19.06.2023 को जिले के जोकीहाट थाना अंतर्गत 08 अपराधकर्मियों द्वारा C.S.P संचालक के साथ रोड डकैती की घटना को अंजाम दिया गया था जिसके उद्भेदन हेतु एक विशेष टीम का गठन किया गया था। ➢ गठित टीम द्वारा घटना का उद्भेदन करते हुए घटना में संलिप्त **07 अपराधकर्मी** 1. सद्दाम, 2. मो0 करीम, 03. ऐहतेशाम, 04. पिंटू यादव, 05. सुभान, 06. जमशेद, 07. नूर कैसर उर्फ मिन्टू को **लूट की 8,60,000/–रु0 (आठ लाख साठ हजार रुपया) एवं लूट के रुपयों से खरीदी गयी करीब 02 लाख रु0 की पल्सर बाइक** के साथ गिरफ्तार किया गया। ➢ घटना मे प्रयुक्त बाइक एवं कार बरामद।
5.	**सारण/ नगर थाना**	**(दिनांक–01.07.2023) 07 वर्षो से पुलिस अभिरक्षा से फरार अभियुक्त गिरफ्तार।** दिनांक 30.06.2023 को सारण पुलिस एवं एस0टी0एफ0 की संयुक्त कार्रवाई में पुलिस अभिरक्षा से 07 वर्षो से फरार अभियुक्त **रवोन्द्र मांझी** को गिरफ्तार किया गया। इसके विरुद्ध सारण जिले के विभिन्न थानो में 07 कांड दर्ज हैं।
6.	**भोजपुर/ शाहपुर थाना (करनामेपुर ओ0पी0)**	**पचास हजार का इनामी फरार अभियुक्त उमाशंकर मिश्रा गिरफ्तार।** ➢ दिनांक 01.07.2023 को भोजपुर जिले के पचास हजार का घोषित इनामी फरार कुख्यात अपराधी **उमाशंकर मिश्रा** को गिरफ्तार किया गया हैं। इसके विरुद्ध हाल में ही पुलिस मुख्यालय पटना द्वारा 50 हजार का इनाम घोषित किया गया था। ➢ इसके विरुद्ध हत्या, आर्म्स एक्ट, रंगदारी और मारपीट के कई कांड दर्ज हैं।

xxxxxxxxx